भारत सरकार
भारी उद्‌योग और लोक उद्‌यम मंत्रालय
भारी उद्‌योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1987
जिसका उत्तर मंगलवार 14 मार्च, 2017 को दिया जाना है

हाइब्रिड वाहन

1987. श्री कपिल मोरेश्वर पाटील:

क्या भारी उद्‌योग और लोक उद्‌यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार पर्यावरण की प्रदूषण से सुरक्षा के लिए नए हाइब्रिड वाहन/कारों की शुरुआत करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ऐसे वाहनों के लिए जैविक-ईंधन तैयार करने के लिए कोई नीति तैयार कर रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और मुख्य विशेषताएं क्या हैं; और

(ङ) ऐसे हाइब्रिड वाहनों की शुरुआत कब तक किए जाने की संभावना है?

उत्तर

भारी उद्‌योग और लोक उद्‌यम राज्य मंत्री

(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क): जी, नहीं।

(ख): उपर्युक्त (क) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ): भारी उद्‌योग विभाग, भारी उद्‌योग और लोक उद्‌यम मंत्रालय हाइब्रिड वाहनों के लिए बायो-ईंधन तैयार करने हेतु फिलहाल कोई नीति तैयार नहीं कर रहा है। तथापि, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने हाइब्रिड वाहनों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित अधिसूचनाएं जारी की हैं:-

i) जी.एस.आर.682(ई) दिनांक 12/07/2016 - फ्लैक्स फ्यूल(ई85) या (ई100) तथा ईथनॉल (ईडी95) वाहनों के लिए मास उत्सर्जन मानक के संबंध में।

ii) जी.एस.आर.412(ई) दिनांक 11/04/2016 - बायोडीजल के संबंध में।

iii) जी.एस.आर.629(ई) दिनांक 24.06.2016 -हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों के रिट्रो-फिटमेंट के संबंध में।

(ङ): उपर्युक्त (क) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

*****